# नेपाल व भारत दो अलग राष्ट्र हैं किन्तु दोनों में काफी समानता

## पतंजलि अनुसंधान संस्थान की अनुसंधानपरक गतिविधियों से भविष्य के प्रति आशावादीः उपप्रधानमंत्री नेपाल

**समारोह**

**संवाददाता**


नेपाल के उपप्रधानमन्त्री उपेन्द्र यादव का स्वागत करते हुए स्वामी रामदेव।

हरिद्वार। नेपाल के उप–प्रधानमंत्री उपेन्द्र यादव के सम्मान में पतंजलि योगपीठ स्थित आयुर्वेद भवन के सभागार में एक स्वागत समारोह आयोजित किया गया। साथ ही पतंजलि के स्वदेशी अभियान तथा शिक्षा व्यवस्था को दृढ़ता प्रदान करने हेतु पतंजलि विश्वविद्यालय की परामर्शदात्री समिति का गठन किया गया। स्वागत समरोह की शुरुआत प्रातःकालीन यज्ञ से हुई। इसके पश्चात् कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए उपेन्द्र यादव ने कहा कि नेपाल व भारत कहने के लिए दो अलग राष्ट्र हैं किन्तु दोनों में काफी समानता है। हमारे पूर्वज भी एक ही हैं। नेपाल एक माँ है, तो भारत दूसरी माँ है तथा हम सब इनकी सन्तान हैं। उन्होंने कहा कि भौगोलक समानताओं के साथ–साथ भारत व नेपाल प्राचीन संस्कृति, सभ्यता, पहनावा, दोनों राष्ट्रों के महान् व्यक्तित्वों व नदियों से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा है। हमारा चिन्तन, जीवन प्रणाली, संस्कृति व पहचान हमारे पूर्वज ऋषि–मुनियों की देन है।

इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि नेपाल व भारत को मित्रता व एकता विरासत में मिली है। दोनों राष्ट्रों के पूर्वजों व उनकी धार्मिक व सांस्कृतिक एकता की विरासत को प्रणाम। दोनों राष्ट्र पूर्ण सद्भाव व संपूर्ण एकता के साथ प्रगति के सौपान चढ़ रहे हैं। आशा है कि वर्तमान नेपाल सरकार, उप–प्रधानमंत्री उपेन्द्र यादव के नेतृत्व में नेपाल राष्ट्र को उस ऊँचाई पर लेकर जाएगी जहाँ नेपाल की 3 करोड़ जनसंख्या उसे देखना चाहती है। इस अवसर पर ट्रस्ट के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण महाराज ने पतंजलि की शैक्षणिक सेवाओं को सुदृढ़ स्वरूप प्रदान करने हेतु पतंजलि विश्वविद्यालय की नवगठित परामर्शदात्री समिति से परिचय कराया। उन्होंने बताया कि समिति के अध्यक्ष पद पर जी.बी. पंत कृषि विश्वविद्यालय, पतंनगर, नैनीताल के भूतपूर्व कुलपति डॉ. पी.एल. गौतम को चयनित किया गया है।

कार्यक्रम में साध्वी देवप्रिया, मुख्य महाप्रबंधक ललित मोहन, पतंजलि योगपीठ–नेपाल के मुख्य कार्यकर्ता शालीग्राम, ड्रग डिस्कवरी एण्ड डवलपमेंट डिविजन के उपाध्यक्ष डॉ. अनुराग वार्ष्णेय तथा पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज, वैदिक गुरुकुलम् तथा वैदिक कन्या गुरुकुलम् के समस्त अधिकारीगण, प्राध्यापक, आचार्य, गैर–शैक्षणिक कर्मचारीगण व छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।


# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


## बरातियों की कार खाई में गिरी, एक की मौत, तीन लोग घायल

**(संवाददाता)** देहरादून। टिहरी में थौलधार ब्लाक में सुवाखोली–भवान–नगुण मोटर मार्ग पर बीती रात बरातियों की एक कार गैर नगुण बैंड पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। जिसमें चालक की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंडीसौड़ पहुंचाया। एक की स्थिति गंभीर होने पर उसे उत्तरकाशी रेफर किया गया। तहसीलदार उपेंद्र दत्त बहुगुणा ने बताया कि देहरादून से अपने दोस्त की शादी में जसपुर गांव जा रहे बरातियों की कार यूके 07डी–एन0201 नगुण बैंड में अनियंत्रित होकर 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। कार चालक देवेंद्र शर्मा (45) पुत्र गुरू प्रसाद निवासी किशन नगर देहरादून की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना का पता चलने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल अमित ध्यानी (35) पुत्र देवीदत्त, दिनेश शर्मा (31) पुत्र नरेश्वर शर्मा और रोहित शर्मा (35) पुत्र बचन लाल सभी निवासी देहरादून को खाई से निकालकर सीएचसी कंडीसौड़ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल अमित शर्मा को उत्तरकाशी रेफर किया गया। जबकि कंडीसौड़ में भर्ती दो लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। तहसीलदार ने बताया कि कयास लगाए जा रहे हैं, कि तेज रफ्तार के कारण ही दुर्घटना हुई होगी।

# एकल खिड़की सुगमता जिला प्राधिकृत समिति की जिलाधिकारी ने ली बैठक

**संवाददाता**


डीएम एकल खिड़की सुगमता जिला प्राधिकृत समिति की बैठक लेते हुए।

अल्मोड़ा। उत्तराखण्ड़ एकल खिड़की सुगमता जिला प्राधिकृत समिति की बैठक कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन विभागों द्वारा आपत्तियों के निस्तारण ऑनलाइन नही किया जा रहा है वे विभाग इसको गम्भीरता से ले। उन्होंने वन, राजस्व, जल संस्थान, विद्युत व अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उनके विभाग से जो भी कार्यवाही की जानी है उसकी जॉच के उपरान्त ही रिर्पोट प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी ने महाप्रबन्धक उद्योग को निर्देश दिये कि भूमि से सम्बन्धित मामलों की जॉच सम्बन्धित क्षेत्र के उपजिलाधिकारियों से अवश्य करा लें।

बैठक में जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक उद्योग एवं उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि उद्यम एकल खिडकी व्यवस्था के अंतर्गत जो भी प्रस्ताव प्राप्त होते है उन पर सभी विभाग अपने स्तर से जो भी कार्यवाही एवं परीक्षण किया जाना है उसका ठीक प्रकार से परीक्षण करते हुए संबधित प्रस्तावों पर अपनी सैद्धान्तिक सहमति समय सीमा के अंतर्गत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यदि किसी प्रस्ताव पर किसी प्रकार की कोई समस्या एवं मानक के अनुरूप नही पाया जाता है तो इस संबध में अपनी टिप्पणी अनिवार्य रूप से प्रेषित करना सुनिश्चित करें।


डीएम टाइटन कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

## सूखाताल झील के जीर्णोद्धार को लेकर डीएम ने ली बैठक

**(संवाददाता)** नैनीताल। टाईटन कम्पनी के सीएसआर मद से सूखाताल झील के जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में जिलाधिकारी सविन बंसल ने महत्वपूर्ण बैठक कम्पनी के प्रतिनिधियों के साथ की।

बैठक में कम्पनी के सीएसआर हैड अश्वनी ने बताया कि कम्पनी द्वारा सीएसआर मद से प्रथम फेज में सूखाताल झील की जल संचयन क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है तथा द्वितीय व तृतीय फेज में अन्य कार्य किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में कम्पनी द्वारा झील की जल संचयन क्षमता बढ़ाने के लिए 2.5 मीटर गहराई तक खुदाई कर झील का क्षेत्र विस्तार निध ारित किया जाएगा तथा उसके बाद झील का सौन्दर्यकरण आदि का कार्य किया जाएगा।

बंसल ने झील की धमनियॉ कहे जाने वाले नालों एवं रिचार्ज जोन के बारे में कार्य योजना भी जाननी चाही जिस पर कम्पनी के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि अभी इस प्रकार की कोई जानकारी नहीं जुटायी गयी है।

## हरिद्वार की बर्खास्त जिला पंचायत अध्यक्ष को हाईकोर्ट से कोई राहत नहीं

**(संवाददाता)** देहरादून। नैनीताल हाईकोर्ट ने दुकान आवंटन में अनियमितता मामले में हरिद्वार की बर्खास्त जिला पंचायत अध्यक्ष को कोई राहत नहीं देते हुए बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 26 नवंबर की तिथि नियत की है। मुख्य न्यायाधीश रमेश रंगनाथन एवं न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार दुकान आवंटन में अनियमितता से संबंधित मामले की जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन ने हरिद्वार जिला पंचायत अध्यक्ष सविता चौधरी को बर्खास्त कर दिया था। शासन के बर्खास्तगी आदेश को याचिकाकर्ता ने चुनौती देते हुए कहा था कि इस मामले में उनका पक्ष तक नहीं सुना गया। पूर्व में कोर्ट ने इस प्रकरण पर सरकार को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए थे।

## न्यूज डायरी

### दहेज के लालच में पति ने दिया तीन तलाक

**(संवाददाता)** रुड़की। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति ने पत्नी को तीन बार तलाक बोलकर रिश्ता तोड़ लिया। यही नहीं आरोप है कि ससुराल वालों ने मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाल दिया। मारपीट में महिला का गर्भपात भी हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित मोहल्ला सती निवासी शाइस्ता की शादी वर्ष 2018 में सहारनपुर के थाना चरथावल के दधेड़ू निवासी शादाब से हुई थी। मारपीट में उसका गर्भपात हो गया। आरोप है कि इसी साल 25 मार्च को ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। तभी से शाइस्ता मायके में ही रह रही हैं। 11 सितंबर को पति शादाब ने मोबाइल पर कॉल कर तीन बार तलाक बोलकर रिश्ता तोड़ लिया। पीड़िता ने सिविल लाइंस कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी।

### रुड़की नगर निगम चुनावः मतदाताओं में दिखा खासा उत्साह

रुड़की। रुड़की नगर निगम चुनाव के लिए वोट डाले गए। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हो गया था जो शाम पांच बजे तक चला। 1,40, 538 मतदाताओं ने वोट डाले। मेयर पद पर 10 प्रत्याशी और 40 वार्डों में पार्षद पदों पर 212 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। सुबह दस बजे तक 13.51 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर 12 बजे तक यहां 28.43 : मतदान हुआ। दोपहर दो बजे तक 42 फीसदी तो चार बजे तक 57 फीसदी मतदान हुआ। मतदान शांतिपूर्वक पूर्ण हुआ। वहीं लोगों में भी उत्साह दिखाई दिया। कई जगह पांच बजे के बाद भी वोटरों लाइनें लगी रही। वहीं सूत्रों की मानें तो कुल 64 फीसदी मतदान होने का अनुमान है। मतदान के लिए पुलिस एवं सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

### महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट ने बच्चों को वितरित किये गर्म कपड़े

हरिद्वार। महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट भूपतवाला के सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत उत्तरी हरिद्वार के विभिन्न स्कूलों में गर्म कपड़े बांटने के अभियान की शुरुआत स्वामी अजरानंद अंधविद्यालय से विगत दिनों की गई थी। शुक्रवार को गोविंद कृपा सेवा समिति धर्मार्थ ट्रस्ट की प्रेरणा से स्वामी नित्यानन्द सरस्वती विद्या मंदिर के दो सौ छात्र–छात्राओं एवं शिक्षिकाओ को उपहार स्वरूप गर्म वस्त्र भेंट किये गये। महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट के ट्रस्टी संतोष बंसल ने बताया कि प्रति वर्ष जनहित के कार्यों के अन्तर्गत ट्रस्ट द्वारा इस प्रकार का आयोजन किया जाता है। महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट, गोविंद कृपा सेवा समिति धर्मार्थ ट्रस्ट जैसे सामाजिक संस्थाए इन विद्यालयों को मदद देकर मानवीय कार्य करते हैं।